भारत सरकार

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2492

दिनांक 10.08.2026 को उत्तर के लिए नियत

पारंपरिक उद्योगों की प्रतिस्पर्धात्मकता

2492. **श्री जोस के. मणिः**

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने देश में कॉयर, हथकरघा, हस्तशिल्प, बांस और ग्रामीण उद्यमों जैसे पारंपरिक उद्योगों की प्रतिस्पर्धात्मकता का कोई आकलन किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान इन क्षेत्रों के आधुनिकीकरण के लिए कौन-कौन सी योजनओं का कार्यान्वयन किया गया है; और

(घ) प्रत्येक योजना के तहत कितनी धनराशि आवंटित और उपयोग की गई है?

उत्तर

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री

(सुश्री शोभा करांदलाजे)

(क) और (ख): सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय ने 2025 में कयर विकास योजना का तृतीय-पक्ष मूल्यांकन अध्ययन करवाया, जिसमें कयर क्षेत्र की प्रतिस्पर्धात्मकता को प्रभावित करने वाले विभिन्न कारकों का आकलन किया गया और पाया कि यह उत्पादन वृद्धि को बनाए रखने, निर्यात को स्थिर करने और पर्यावरण की दृष्टि से टिकाऊ कयर वस्तुओं की मांग बढ़ाने में प्रभावी रहा है।

इसके अतिरिक्त सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय ने सभी राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों में लाभार्थी इकाइयों को शामिल करते हुए प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) का भी 2025 में तृतीय-पक्ष मूल्यांकन अध्ययन करवाया। इस मूल्यांकन अध्ययन में ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित उद्यमों सहित पीएमईजीपी इकाइयों के कार्य-निष्पादन का आकलन किया गया और यह पाया कि अधिकतर इकाइयों ने विविध वर्षों के दौरान औसत वार्षिक आय में वृद्धि और सभी क्षेत्रों में धनात्मक लाभप्रदता दर्ज की।

(ग) और (घ): सरकार पारंपरिक उद्योगों के विकास और संवर्धन हेतु कई स्कीमें कार्यान्वित करती है। इनमें कयर विकास योजना (सीवीवाई), प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी), राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम (एनएचडीपी), कच्चा माल आपूर्ति स्कीम (आरएमएसएस) और राष्ट्रीय बांस मिशन (एनबीएम) शामिल हैं। उपर्युक्त स्कीमों के अंतर्गत आवंटित और उपयोग की गई निधियों का ब्यौरा निम्नानुसार है:

राशि करोड़ रुपये में

स्कीम	**2023-24**		**2024-25**		**2025-26**	
	आवंटित निधि	**उपयोग की गई निधि**	**आवंटित निधि**	**उपयोग की गई निधि**	**आवंटित निधि**	**उपयोग की गई निधि**
कयर विकास योजना	92.15	92.15	75.10	74.48	95.00	86.43
पीएमईजीपी	3093.88	3093.88	2202.00	2202.00	2457.34	2457.34
राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम	190.00	186.36	195.84	195.51	234.84	234.32
कच्चा माल आपूर्ति स्कीम	160.00	159.72	172.17	172.16	219.00	218.96
राष्ट्रीय बांस मिशन	95.00	53.38	105.51	70.89	107.37	84.10

****